तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 23 दिसंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 किसानों ने ली कटहल, नींबू और चीकू की खेती की...



14 आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय का औचक...



## खबर संक्षेप

### महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट

**महासमुंद।** शहर के वार्ड नंबर 21 सुभाष नगर की एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया सुरकी बाई के घर में रखे खुरपा को कोई ले गया था, जिसके बारे में बोलकर वह चिल्ला रही थी, तभी आरोपी प्रेम मोची मुझे कह रहे हो बोलकर गाली गलौज, हाथ थप्पड़ से मारपीट करते हुए अपने पास रखे पत्थर के टुकड़े से महिला के दाहिने आंख के पास वार कर दिया और लात घूंसा से भी मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने आए महिला के बेटे गणेश अजगर के साथ भी मारपीट कर गाली देते हुए दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### शिक्षक से दो लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पटेवा क्षेत्र के ग्राम गोंगल में एक शिक्षक के साथ झलप के दो लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक स्कूल गोंगल के सहायक शिक्षक लोकेश्वर सिंह ध्रुव के साथ झलप निवासी खगेश पटेल, सुमीत गिलहरे ने मारपीट करते हुए, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पटेवा पुलिस ने मामले में शिक्षक की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### पुराने विवाद के लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** पुराने विवाद को लेकर दो लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को मनोज नेताम निवासी वार्ड नंबर 11 सांकरा बताया कि एक सप्ताह पूर्व अपने मोटर सायकल में अपने दोस्त रुपेश अग्रवाल के साथ अपने घर सांकरा से गुरु घासीदास चौक सांकरा की ओर जा रहा था, इस दौरान कृष्णा यादव एवं नरेंद्र तांडी से पूर्व में हुए विवाद को लेकर 21 दिसंबर की शाम करीबन 5 बजे हाईस्कूल के पास आरोपी कृष्णा यादव एवं नरेंद्र तांडी ने मिलकर गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं राड से मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# नमी के कारण रात का तापमान बढ़ा, अगले दो दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


अंचल में पड़ रही ठंड के दौरान नमी के चलते रात का तापमान बढ़ने से ठंड में कमी महसूस हो रही है वहीं पारा सामान्य दिनों की अपेक्षा से छह डिग्री ऊपर चल रहा है। अगले दो दिनों तक ठंड बढ़ने की संभावना नहीं है। आज से मौसम साफ होने लगेगा, लेकिन नमी के कारण ठंड में बहुत ज्यादा बढ़ोत्तरी होने की संभावना नहीं है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण प्रदेश में बड़ी मात्रा में समुद्र से नमी आ रही है।

शनिवार को न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 6 डिग्री अधिक रहा। दिन में भी पारा 27 डिग्री रहा। तापमान बढ़ने के कारण रात में ठंड कम हो गई। दिन में भी मौसम सामान्य बना हुआ है। फिलहाल, बीते सप्ताह में अधिकांश दिन बादल छाए रहे। जिसकी वजह से ठंड में लगातार गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ भारतीय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। साथ ही एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है। इसके प्रभाव से इन दोनों मौसमी तंत्र में बदलाव हो रहे हैं। प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन की संभावना है। साथ ही प्रदेश के वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से तापमान में बढ़ोतरी हो गई है। उत्तर पूर्व से आने वाली हवाओं में अवरोध की स्थिति में अगले सप्ताह से बदलाव देखने को मिलेगा। जिससे अगले कुछ दिन तक ठंड से राहत मिलेगी।

## बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण प्रदेश में बड़ी मात्रा में समुद्र से आ रही नमी

### इस हफ्ते भी पारा 16 से 19 डिग्री

मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह भी न्यूनतम पारा में अत्यधिक गिरावट की संभावना नहीं है। अधिकतम पारा जहां 27 से 29 डिग्री के बीच रहेगा। वहीं न्यूनतम पारा 16 से 19 डिग्री तक रहने का अनुमान लगाया गया है। मौसम खुलने के बाद भी हवा में नमी के कारण ठंड में कमी बरकरार रहेगी।



### आज से शीतकालीन अवकाश शुरू होगा

जिले के स्कूलों में चल रही अर्द्धवार्षिक परीक्षा का शनिवार को समाप्त हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने बताया कि पहली से लेकर 12 वीं तक की परीक्षाएं 22 दिसंबर को खत्म हो गई है। इसके बाद 23 दिसंबर से ठंड का अवकाश घोषित किया गया है।

## स्वास्थ्य : विंटर फीवर, सर्दी-खांसी तथा लूज मोशन के मरीजों में इजाफा

# बदला हुआ मौसम डाल रहा सेहत पर असर, अस्पतालों में लग रही है भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में चल रहे शीतलहर के चलते नगर एवं ग्रामीण इलाकों में लोगों के सेहत को बुरी प्रभावित कर रहा है। शहर सहित अंचल में पिछले सप्ताहभर से पड़ रही कड़ाकें की ठंड के चलते शासकीय निजी अस्पतालों में विंटर फीवर, सर्दी-खांसी तथा लूज मोशन (दस्त) के मरीजों में इजाफा हुआ है। दिन छोटा तथा रात बड़ी होने तथा खराब खानपान व जीवन शैली की वजह से लोग हेल्दी सीजन में भी बीमारियों की चपेट में हैं।

मेंडिकल कॉलेज तथा सिटी क्लीनिक से मिली जानकारी के अनुसार सामान्य दिनों की अपेक्षा ओपीडी बढ़ गई है। सिटी क्लिनिक में जहां रोजाना 80 से 90 की ओपीडी रहती है। वहां ओपीडी 100 प्लस हो चुकी है। इसी तरह मेंडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में रोजाना 250 से 300 के बीच रहने वाली ओपीडी 400 से 450 तक जा पहुंची है। जबकि, शहर में 5 वेलनेस सेंटर के बाद भी इतनी बड़ी मात्रा में मेंकाहाम में ओपीडी जुट रही है। यदि, चिकित्सकों की माने तो विंटर सीजन में 100 में 35 फीसदी मरीज सर्दी-जुकाम तथा लूज मोशन के पहुंच रहे हैं। इनमें अनेक मरीज ऐसे हैं तो कफ एंड कोल्ड की चपेट में हैं। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को ठंड में विशेष सावधानियां बरतने की हिदायत दी जा रही है।



### फेफड़े में इंफेक्शन का खतरा

मेडिकल कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े हैं। शुरुआत में किसी-किसी मरीज को तेज बुखार आ रहा है। ऐसे मरीजों को ठीक होने में अधिकतम पांच दिन लग रहा है। इंफेक्शन वाले बच्चे बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिन्हें पहले से निमोनिया है, उन्हें फिर से इसका अटैक हो रहा है। फेफड़े में इंफेक्शन वाले बच्चे भी सामने आ रहे हैं। ऐसे बच्चों के सीने में तकलीफ की शिकायत मिल रही है। इन बच्चों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### ठंड से सूज जाती है श्वास नली: माहेश्वरी

डॉ. बसंत कुमार माहेश्वरी ने बताया है कि दरअसल ठंड की वजह से श्वास नलिका में सूजन आ जाती है जिसकी वजह से मरीजों को श्वास लेने में दिक्कतें आती है। ठंडी जगहों या सर्द हवा की वजह से कभी भी अस्थमा का अटैक उठ जाता है। यही नहीं कोहरे के बारीक कण भी नाक की भीतरी सतह में जमने की वजह से अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है।

# जिस वाहन से जब्त हुआ गांजा, वह निकला पूर्व विधायक के रिश्तेदार का



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर पुलिस द्वारा पकड़े गए वाहन में 151 किलो गांजा बरामद किया गया है। रोचक बात यह है कि जिस वाहन में गांजा पकड़ा गया है वह सरायपाली के पूर्व विधायक किस्मत लाल नंद के रिश्तेदार के नाम पर पंजीकृत बताई जा रही है। वहीं पकड़े जाने के बाद कार के चालक का फरार हो जाना भी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। वाहन क्रमांक सीजी 06 जीवाई 8111 नंबर की गाड़ी की तलाशी के दौरान गांजे के अलग-अलग पैकेट मिले हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को गांजा तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके बाद सारंगढ़ पुलिस ने बॉर्डर पर टीम को तैनात कर जांच शुरू की। इसी दौरान एक इनोवा कार में हूटर और हाईमास्क लगी लाइट वाली कार दिखी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की, तो तलाशी के दौरान 151 किलो गांजा बरामद हुआ। स्थानीय पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### अवैध कब्जा हटाने को लेकर विवाद मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खैरझिटी में शमशान की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की बात को लेकर हुए विवाद और मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। तुमगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम खैरझिटी निवासी व सरपंच पति ईतवारी राम सिन्हा पिता गयालाल सिन्हा के साथ गांव में शमशान घाट नरवा में पचरी निर्माण कार्य के दौरान 20 दिसंबर को लगभग 2 बजे ग्राम तेंदूवाही के जैलसिंग पिता पति राम तथा इंद्रमन पिता धनीराम सतनामी ने आकर उनके अवैध कब्जा को क्यों हटवा रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट की। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी की पत्नी मीना बाई सिन्हा ग्राम पंचायत खैरझिटी सरपंच एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से प्रशासन द्वारा कब्जा हटवाया जा रहा था। इसी बात को लेकर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए धक्का देकर प्रार्थी के साथ मारपीट किया और आगे चलकर प्रार्थी और उसके पुत्र मनीष सिन्हा को गलत तरीके से जाति सूचक गाली गलौज में फंसाने की धमकी, जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# बुजुर्ग महिला के घर 8 लोगों ने मचाया उत्पात, कई धाराओं में जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम तेंदूवाही निवासी बुजुर्ग महिला के घर आठ लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। भयभीत बुजुर्ग महिला और उसके परिजनों ने पुलिस से सहायता मांगी, तब जाकर उन्हें राहत मिली। मामला तुमगांव थाना क्षेत्र का है।

तुमगांव पुलिस ने बताया कि 20 नवंबर को ग्राम तेंदूवाही की बुजुर्ग महिला बुधवंतिन बाई जांगड़े (60 वर्ष) के घर रात करीब 9 बजे आरोपी मनीष सिन्हा और उसके 7 अन्य सहयोगियों ने घर के दरवाजा, गाड़ी का शीशा को लोहे के राड व डंडा से मारकर जाति सूचक गाली गलौच देकर जान से मारने की धमकी दी। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(2), 324(4), 191, 192 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि बुधवंतिन बाई ने 12 दिसंबर को मनीष सिन्हा एवं अन्य 05 लोगों के विरूद्ध विशेष थाना अजाक में शिकायत की है। जिसके चलते आरोपी मनीष सिन्हा द्वारा रंजिश व दुश्मनी की भावना रखते हुए 20 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे अपने सहयोगी हेमलाल साहू, मुकेश साहू, मोहन साहू छत्रपाल साहू, कमलेश यादव, टोकेश्वर साहू व टोमन साहू के साथ लोहे का राड व डंडा लेकर लूटपाट व हत्या करने की नीयत से घर के दरवाजा, गाड़ी का शीशा व बाहरी पाट्‌र्स, परछी, छान्ही तोड़कर गाली गलौज कर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। साथ ही ग्राम खैरझिटी के किराना दुकान में समान खरीदने, साप्ताहिक सब्जी बाजार व सार्वजनिक रास्ते में चलने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दिया। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस थाना तुमगांव द्वारा रात्रि में उक्त घटना के बाद मौके पहुंची, तब महिला के परिवार को राहत मिली।

# रमन टोला में डेढ़ लाख के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** नगर के रमनटोला के एक सूने मकान से सोने-चांदी के आभूषणों समेत डेढ़ लाख के सामानों की चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार रमन टोला निवासी व महिला बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक प्रियंका सिंह पति मोंटी राजपूत का परिवार पैतृक ग्राम बड़गांव कृषि कार्य के लिए 18 दिसंबर को गया हुआ था और खाना बनाने वाली यशोदा साहू को चाबी देकर गए थे, जो सुबह-शाम घर की देखरेख कर चली जाती थी। 21 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे यशोदा साहू ने घर जाकर देखा तो बैठक कमरे का ताला टूटा हुआ था, जिस पर उसने प्रार्थिया को फोन कर बताया, इसके बाद प्रार्थिया ने उसे अंदर जाकर कमरों को देखने कहा तब उसने बताया कि तीन कमरों के दरवाजों, कमरे के अंदर में रखे आलमारी का लाकर टूटा हुआ और सामान बिखरा पडा हुआ है। इसके बाद प्रार्थिया और उसके पति मोंटी राजपूत घर आए और सामानों को चेक किया तो बेडरूम में रखा लैपटाप कीमत 20000 रुपए, 1 नग मोबाइल कीमत 5000 रुपए तथा आलमारी के लॉकर के अंदर मे रखे चार नग सोने की अंगूठी, एक नग सोने की कान की बाली, एक नग नाक की बाली एवं दो नग टॉप्स, एक नग सोने की मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी का पायल, चार नग चांदी का सिक्का अनुमानित कीमत करीब 125000 रुपए कुल 150000 रुपए नहीं थे। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## चौथा टेस्ट...



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन किया गया। नवकिरण अकादमी के जिला समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया कि 12 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट पेपर विज्ञान, करंट अफेयर, खेल एवं व्यक्तित्व का हुआ। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ इसमें विज्ञान, करंट अफेयर, खेल एवं व्यक्तित्व आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। चौथा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 108 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 11 परीक्षार्थियों कुल 119 ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 12 टेस्ट के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन 29/12/2024 को भारत का भूगोल एवं छत्तीसगढ़ भूगोल का टेस्ट आयोजित होगा।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969


## बसना क्षेत्र के ग्राम टांगापासा में एसडीएम ने की कार्रवाई

# माजदा वाहन, ट्रैक्टर समेत 150 कट्टा अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना ब्लाक के ग्राम टांगा पासा में एसडीएम मनोज खांडे और उनके संयुक्त टीम ने आधी रात अवैध धान खपाने की सूचना पर कार्रवाई की है। अवैध धान को खपाने भटगांव क्षेत्र के चर्चित धान कोचिया चंदन पटेल द्वारा लगातार अवैध धान का परिवहन किया जा रहा था। सूचना पर एसडीएम ने आधी रात ग्राम टांगा पासा पहुंच कर कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार भटगांव से जंगल से बार्डर पार करते हुए दलदली के वन विभाग द्वारा बनाए गए मार्ग का उपयोग कर भटगांव क्षेत्र से रातोंरात बसना क़े दलदली होते हुए वाहनों को पार कराया जाता है। ग्रामीण बताते है कि भटगांव तरफ से बसना प्रवेश करने क़े लिए लगभग 3 किलो वन विभाग के जंगल से होते हुए अवैध धान को पार कराया जा रहा है। इसके लिए धान माफिया ने बकायादा वन विभाग में मार्ग को मरम्मत कराया है। ताकि, अवैध धान का परिवहन आसानी से किया जा सके। दलदली के जंगल ने बनाए गए पुल भी आज धंस चुके है। बताया जा रहा है कि लगातार बड़ी गाड़ियां धान लेकर भटगांव से दलदली मार्ग पहुंच रही है, इससे पुलिया धंसने की कगार पर है।



वही धान माफिया ने मार्ग में धान वाहनों में आने जाने में परेशानी ना हो इसलिए बकायादा मार्ग को मरम्मत कराया गया है। ग्रामीण बताते है कि चंदन पटेल भटगांव की 3 वाहनें अवैध धान की परिवहन में लगी है, लेकिन टीम की गिरफ्त में एक ही वाहन है।

वही चंदन पटेल की बिना नंबर प्लेट वाली वाहनें भी धान क़े परिवहन में लगा है। टांगा पासा में अवैध धान पर कार्रवाई करते हुए 150 बोरी अवैध धान, एक ट्रैक्टर वाहन और एक माजदा वाहन क्रमांक सीजी 11 एके 9474 को जब्त कर टांगा पासा क़े धान खरीदी प्रभारी सेवन चौधरी को सुपुर्द किया गया है। साथ ही एसडीएम ने स्थानीय कोटवार और पटवारियों को अपने अपने क्षेत्र में नजर बनाए रखने निर्देश दिए है। पूरी कार्रवाई में बसना एसडीएम मनोज खांडे, बसना मंडी उप निरीक्षक दिनेश यादव, पटवारी देवांगन सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

आवश्यकता है
हरिभूमि
महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में
रिपोर्टर (2 पद)
के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
अनुभवी को प्राथमिकता
(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
-संपर्क करें-
99811-31365
Email-haribhoomi.msmd@gmail.com
हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप

### महापौर ढेबर ने किया सामुदायिक भवन लोकार्पण

**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में महापौर एजाज ढेबर ने शनिवार को महापौर निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। 50 लाख की लागत से वार्डवासियों के लिए सर्व सुविधा सामुदायिक भवन जरूरतमंदों को किफायती किराये में अब बिना किसी दिक्कत के वार्ड में आसानी से उपलब्ध होगा। मौलाना अब्दुल रऊफ़ वार्ड के लाल गंगा शॉपिंग मॉल के पीछे राजीव आवास परिसर में महापौर एजाज़ ढेबर ने वार्डवासियों को सामुदायिक भवन की सौगात दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### सेजबहार धान केंद्र में किसानों का सम्मान

रायपुर। राजधानी रायपुर के सेजबहार स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित शाखा भाठागांव में सुशासन दिवस पर समिति स्तर के किसानों का गमछा व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नंदकुमार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सरकार भारती की प्रदेशाध्यक्ष डा. लक्ष्मी द्विवेदी, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक नीलम सिंह, संयोजक ग्रामीण केशवराम वर्मा सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालक पूर्व शाखा प्रबंधक रमेश शर्मा एवं आभार व्यक्त समिति प्रबंधक विजय ठाकुर ने किया।

# समाज में जनभागीदारी की आवश्यकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में सुशासन की दिशा में किए गए एक वर्ष के उत्कृष्ट कार्यों के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उनके शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए एक व्यापक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी को लोगों तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लाभान्वित करना और जनभागीदारी के माध्यम से समाज में समृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है। सुशासन सप्ताह पर बागबाहरा के खल्लारी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शासकीय विभागों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न शिविरों, जागरूकता सत्रों और सेवाओं के माध्यम से जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें निदान सेवा परिषद के जिला समन्वयक कुबेर यदु ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने जागरूकता अभियानों के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य शिविर में अनेक लोग लाभान्वित हुए और उन्हें स्वास्थ्य जांच व मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में वक्ता सह अतिथि के रूप में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश शुक्ला ने इस कार्यक्रम के दौरान समाज में जनभागीदारी की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, सुशासन केवल सरकार के प्रयासों तक सीमित नहीं है, इसके लिए समाज की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। सरकार की सभी योजनाएँ जनता के हित के लिए होती हैं, लेकिन इनका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन तभी संभव है, जब जनता भी इसमें योगदान दे। डॉ. शुक्ला ने बताया कि समाज में जागरुकता फैलाकर और शासकीय योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर बेहतर प्रशासन को सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे जनसेवा में अपनी भूमिका निभाएं और समाज के विकास में भागीदार बनें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपस्थित नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। लोगों को बताया गया कि किस प्रकार वे विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि योजना, श्रमिक कार्ड योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, और शिक्षा संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। शासकीय अधिकारियों ने योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और योजनाओं से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही, कई नागरिकों को कार्यक्रम स्थल पर ही योजनाओं के लिए पंजीकरण करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इसके अलावा, जल स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर भी जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति सुशासन का एक अभिन्न अंग है। यदि समाज और सरकार मिलकर कार्य करें, तो विकास को एक नई दिशा दी जा सकती है। डॉ. सुरेश शुक्ला ने कहा, सुशासन का आधार पारदर्शिता और समावेशिता है। जब तक समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक किसी भी योजना का पूर्ण लाभ नहीं मिलेगा। सरकार और समाज को मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें हर नागरिक की आवाज सुनी जा सके और उनकी समस्याओं का समाधान हो। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों, सामाजिक संगठनों और शासकीय अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सुसाशन दिवस का यह आयोजन न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का एक माध्यम बना, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ने और सामूहिक रूप से समाज के विकास के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने का एक अवसर भी बना। इस प्रकार, जन सेवा ही प्रभु सेवा के इस आदर्श को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने सुशासन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। यह कार्यक्रम इस बात का सजीव उदाहरण है कि जनभागीदारी के माध्यम से समाज को उन्नति के मार्ग पर ले जाया जा सकता है।




# कॉलेज जनभागीदारी प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- अनेक सुविधाओं एवं कार्यों के लिए प्रस्ताव रखा गया

स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। बैठक के दौरान महाविद्यालय में अनेक सुविधाओं एवं कार्यों के लिए प्रस्ताव रखा गया। जिसमें प्रमुख रूप अध्ययन कक्षों को स्मार्ट क्लास बनाने इंटरेक्टिव बोर्ड या स्मार्ट बोर्ड 03 नग स्थापित करने, छात्र-छात्राओं के लिए कंप्यूटर लैब की सुव्यवस्थितिकरण के लिए 10 नग कंप्यूटर क्रय करने तथा एसी स्थापित करने, छात्र-छात्राओं के लिए के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के दोनों ओर विधायक मद से प्रतीक्षालय बनाने, जनभागीदारी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मानदेय को बढ़ाने, महाविद्यालय की वाई-फाई सुविधा के वार्षिक मरम्मत, 05 अतिरिक्त अध्ययन कक्ष निर्माण एवं 01 कांफ्रेंस हाल निर्माण, पुस्तकालय के लिए पुस्तक क्रय करने, छात्र-छात्राओं के लिए खेल सामग्री क्रय करने, शैक्षणिक भ्रमण आदि का प्रस्ताव दिया गया। जिसमें अधिकांश प्रस्तावों पर सहमति और कुछ प्रस्तावों के आवेदन पर विचार मंगाए गए। जिसके उसकी सुव्यवस्थित जन भागीदारी के साथ निराकृत किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता रामचंद्र अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, पार्षद व स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष शीत गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि निर्मलदास, कामेश बंजारा, महाविद्यालय विधायक प्रतिनिधि मोहित पटेल, डॉ डड़सेना, आकाश सिन्हा, पत्रकार सेवकदास दीवान, संजय तायल, अश्वनी प्रधान, डेनियल पीटर, विजय पटेल, अमृत पटेल सहित जनभागीदारी प्रबंधन समिति पदाधिकारी व सदस्य तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### यूथ कांग्रेस कल करेगी सीएम हाउस घेराव, दिग्गज नेता भी होंगे शामिल

**रायपुर।** युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और नशाखोरी को लेकर रायपुर में बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा ने कहा, नशा और अपराध को लेकर यूथ कांग्रेस 23 दिसंबर को सीएम हाउस का घेराव करेगी। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा। राजीव भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री ओझा ने कहा, 24 दिसंबर को बिलासपुर में नशे के खिलाफ हॉफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, 23 दिसंबर को सीएम हाउस घेराव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष, पीसीसी चीफ दीपक बैज समेत सभी प्रमुख नेता और प्रदेशभर से हजारों की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल होंगे। गांधी मैदान पर सुबह 11 बजे पहले सभा होगी, फिर सीएम हाउस घेराव करने निकलेंगे।

# शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस समारोह में शामिल हुए बसना विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




ग्राम राजासेवैय्या में शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम आयोजक समिति द्वारा विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का शाल, श्रीफल, मोरपंख पगड़ी एवं मोमेंटो से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह ने स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। गरीबों के लिए किए गए काम से उन्हें गरीबों का मसीहा कहा जाता है। वे सदैव ही गरीबों के प्रति हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाते रहे हैं। वीर नारायण सिंह ने अपने जीवन के सुखों का त्याग कर सदैव आमजनों के हितों की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के अनैतिक शासन के साथ संघर्ष किया। मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण तक बलिदान कर देने वाले सपूत, शहीद वीर नारायण सिंह की गाथा युगों-युगों तक सभी के लिए प्रेरणादायक रहेगी। देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों में वीर नारायण सिंह का नाम आदिवासी समाज में श्रद्धा से लिया जाता है। विधायक ने सभी छत्तीसगढ़वासियों को शहीद वीर नारायण सिंह की तरह गरीबों की सहयोग करने तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि हमेशा से आदिवासी समाज ने छत्तीसगढ़ एवं भारतभूमि की सेवा के लिए अपनी संतान समर्पित करते आ रहे हैं,आज हमारे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आदिवासी समाज का चमकता हुआ सितारा है, जो निरंतर मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में लगे हुए हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष दयाराम बरिहा, मूलचंद बरिहा, चेतन बरिहा, हेमसागर बिंझवार, गजेंद्र बिंझवार, सुधराम बरिहा, दशरथ बरिहा, कार्तिक राम बिंझवार, सुकालू बरिहा, सुंदरसाय, दासरथी बरिहा, अनुप अग्रवाल, रविंदर आजमानी, बजरंग अग्रवाल, राजेश गोयल, सुरेंद्र पांडे, पुष्पराज गजेंद्र, हरिकृष्ण नायक, परसुराम बरिहा आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक लोकनृत्य में सत्य के विरासत पंथी नृत्य मुड़ियाडीह प्रथम

## लोकगीत में दिनेश एवं साथी भोरिंग प्रथम, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने प्रतिभागियों को दीं शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा महासमुंद विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव 2024- 25 का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल महासमुंद में आयोजित किया गया। अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद राशि महिलांग, जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड दाऊ लाल चंद्राकर, सेवानिवृत शिक्षक नीलमणि चंद्राकर, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल हेमेंद्र आचार्य, डॉ. विकास अग्रवाल उपस्थित रहे। आयोजन में लोकनृत्य, लोक गीत, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, तात्कालिक भाषण इत्यादि विधाओं में प्रतिभागी शामिल हुए। तात्कालिक भाषण में वर्षा गजेंद्र पीजी कॉलेज महासमुंद ने छत्तीसगढ़ शासन के प्रथम एक वर्ष को सुशासन के रूप में बताते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चहुंमुखी विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। सामूहिक लोकनृत्य में सत्य के विरासत पंथी नृत्य मुड़ियाडीह ने सुंदर प्रस्तुति दीं एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण में प्रथम स्थान भैरव प्रसाद पाल, द्वितीय स्थान वर्षा गजेंद्र, तृतीय स्थान हेमा साहू ने प्राप्त किया। सामूहिक एवं एकल लोकगीत में प्रथम स्थान भोरिंग, एकल में द्वितीय स्थान खुशबू यादव, तृतीय स्थान गोपिका साहू ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ऋतिक पहारिया, द्वितीय स्थान मुस्कान निषाद तृतीय स्थान रौनक सोनी ने प्राप्त किया। कविता में प्रथम स्थान ज्ञानसी चंद्राकर, द्वितीय स्थान दिनेश कुमार साहू, तृतीय राज साहू भोरिंग ने प्राप्त किया।

कहानी लेखन में प्रथम स्थान हेमा साहू, द्वितीय स्थान केशव कुमार चेलक आई टी आई महासमुंद ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक मंडल डॉ. विकास अग्रवाल, सुरेंद्र मानिकपुरी, अवनीश वाणी, पुष्पलता भार्गव, हेमेंद्र आचार्य, विजय मिर्चे एवं सहयोगी गणेश कोसरे, कामता साहू, वेदराम, भूपेंद्र कुमार साहू, नीलम सिंहा, कामता प्रसाद साहू, छन्नू साहू, संदीप साहू का सहयोग रहा। मंच संचालन विजय मिर्चे, आभार व्यक्त खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने किया। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 24 दिसंबर 2024 को यज्ञ शाला भवन सिरपुर महासमुंद में सुबह 11 बजे से आयोजित होना है। जिसमें सभी विकासखंड के विजेता प्रतिभागी शामिल होंगे।

# विधायक सोनी ने मठपुरैना क्षेत्र में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शनिवार को डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित मठपुरैना क्षेत्र में रावतपुरा फेस-1 के सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। श्री सोनी ने कहा, विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। भूमिपूजन अवसर पर उन्होंने कहा, केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी संकल्पित है। नगर निगम के विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सुनील सोनी ने कहा, नाली, सफाई, पानी और लाइट जैसे मूल कार्य समय पर होना चाहिए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग, मोनिका साहू, बिहारीलाल साहू, महामंत्री राकेश सिंह, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड पार्षद सावित्री-जयमोहन साहू, किरण साहू, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, महेन्द्र दुबे सहित गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आईएसएफआर में छत्तीसगढ़ के वन एवं वृक्ष आवरण में वृद्धि, देश में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के अनुसार छत्तीसगढ़ ने संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ का कुल वन आवरण क्षेत्र 55,812 वर्ग किलोमीटर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सतत संरक्षण और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। साथ ही यह प्रदेशवासियों की जागरूकता और पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ को हरित और समृद्ध बनाने में योगदान दे रहे हैं। यह उपलब्धि स्थानीय समुदायों की भागीदारी और संरक्षण कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है।

# आईएमए भवन निर्माण के लिए सरकार देगी एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कालीबाड़ी के पास 12 हजार वर्गफीट में आईएमए का भवन बनाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से एक करोड़ देने की सहमति दी है। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. विमल चोपड़ा ने बताया, डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा की। सभी चिकित्सकों ने बताया, रायपुर आईएमए को पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने काली बाड़ी चौक में करीब 12000 फीट जमीन का आबंटन किया था। अब इसमें राजधानी की गरिमा के अनुकूल आईएमए भवन का निर्माण हो ऐसी प्राथमिकता से कार्य करने की योजना है। आईएमए की इच्छा है कि भवन में सेमिनार हॉल जिम व रिक्रिएशन हॉल हो और प्रदेश व प्रदेश के बाहर से आने वाले आईएमए के सदस्यों के रुकने के लिए 10 कमरे व 24 घंटे कैंटीन की व्यवस्था हो।




# सभी जिलों में बनेंगे भाजपा के नए जिलाध्यक्ष रायशुमारी कर सर्वसम्मति से नाम होगा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**कल से प्रारंभ होगा चुनाव की प्रक्रिया**



भाजपा के संगठन चुनाव में मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद अब सोमवार से जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इस समय मंडल अध्यक्षों का चुनाव चल रहा है। अब तक साढ़े तीन सौ से ज्यादा मंडलों के अध्यक्षों का चुनाव हो गया है। सभी स्थानों पर सर्वसम्मति से ही अध्यक्ष बनाए गए हैं। रविवार तक सभी मंडलों के अध्यक्षों का चुनाव हो जाएगा। 476 में से 440 मंडलों का ही अभी चुनाव होगा, बचे मंडलों का चुनाव बाद में होगा। प्रदेश संगठन ने अपने सभी 35 जिला संगठनों में नए अध्यक्ष बनाने का फैसला किया है। यहां पर एक नाम पर सहमति बनाकर सर्वसम्मति से चुनाव होगा। कहीं भी मतदान की स्थिति आने ही नहीं दी जाएगी।

भाजपा के संगठन चुनाव बीते माह से चल रहे हैं। सबसे पहले प्रदेश के 24 हजार से ज्यादा बूथों में बूथ कमेटियों का गठन किया गया है। एक-एक बूथ में 25-25 सदस्यों की कमेटी बनी है। किसी बूथ में अध्यक्ष के लिए चुनाव नहीं कराया गया, सभी स्थानों पर सहमति से अध्यक्ष बने हैं। इसके बाद मंडल अध्यक्षों का भी चुनाव लगातार सर्वसम्मति से हो रहा है। मंडलों से लिए तीन-तीन नामों का पैनल तय करने के बाद एक नाम पर सहमति बनाकर मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं। बचे मंडलों के लिए भी यही किया जा रहा है। करीब 35 मंडलों में अलग-अलग कारणों से अभी चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं।

### रायशुमारी कर बनेंगे जिलाध्यक्ष

प्रदेश संगठन ने अपने सभी 35 संगठन जिलों में नए अध्यक्ष बनाने का फैसला किया है। प्रदेश में 33 जिले हैं, लेकिन भाजपा के इससे दो ज्यादा संगठन जिले हैं। रायपुर में जहां रायपुर शहर और ग्रामीण जिला है, वहीं दुर्ग में भिलाई अलग जिला है। जिलाध्यक्षों के चुनाव के लिए जिलों के मंडलों की संख्या के हिसाब से मतदाता तय होते हैं। जैसे रायपुर में अब 20 मंडल हो गए हैं तो यहां पर एक मंडल अध्यक्ष और एक मंडल प्रतिनिधि को मिलाकर 40 मतदाता हैं। मतदान की स्थिति में इनको ही मतदान का अधिकार होगा, लेकिन संगठन किसी भी हाल में मतदान नहीं चाहता है। तीन-तीन नामों का पैनल बनेगा। इसके बाद जिलों में रहने वाले प्रदेश और राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों, सांसद, विधायकों से रायशुमारी करके एक नाम तय किया जाएगा और बचे दावेदारों को तय नाम पर सहमत कराया जाएगा।



**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस संगठन में 50 प्रतिशत जिला अध्यक्षों को बदला जाएगा

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस अपने संगठन में बदलाव कर सकती है। कांग्रेस ने अपनी फाइनल सूची तैयार कर ली है। सूची में 50 फीसदी से ज्यादा जिला अध्यक्षों को बदला जा सकता है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के बनने के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा नहीं की गई थी। सूत्रों के अनुसार संगठन ने बदलाव के लिए होमवर्क पूरा कर लिया है। संगठन में बदलाव को लेकर पूरे प्रदेश में प्रभारी सचिवों की बैठक हो चुकी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन में बदलाव को लेकर शीर्ष नेतृत्व ने अपनी सहमति दे दी है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने पहले ही प्रदेश नेतृत्व को हाईकमान के फैसले की जानकारी दे दी थी। माना जा रहा है कि नई लिस्ट में कांग्रेस के 50 फीसदी जिला अध्यक्षों को बदला जा सकता है। नगरीय निकाय चुनाव से पहले लिस्ट जारी कर कांग्रेस डैमेज कंट्रोल की भी कोशिश करेगी। कांग्रेस को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

**सहमतिः** 15 दिवसों के भीतर बायोडाटा फॉर्म संकलित कर केंद्र में सूची सहित पंजीयन कराने के दिए निर्देश

# गोंड़ समाज की बैठक में युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक आदर्श विवाह करने का लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा

अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केन्द्रीय समिति मुख्यालय पिथौरा के कौड़िया राज के आश्रित ग्राम भुरकोनी में बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम समाज के इष्टदेव बूढ़ादेव की आरती के छायाचित्र में पुष्प माला अर्पित कर समाज प्रमुख जनों का अक्षत तिलक लगाकर स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात समाजिक चर्चा हुई। जिसमें समाज में वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार सामाजिक नीति नियम, आर्थिक, शिक्षा, विभिन्न गतिविधियों पर समाज प्रमुखों द्वारा अपने अपने वक्तव्य में प्रकाश डाले और कई अहम फैसला लिया गया। साथ ही शादी विवाह की समय को देखते हुए गोंड समाज को एक सभ्य समाज निर्माण की दिशा की ओर ले जाने के लिए महिला एवं युवा सम्मेलन, सामूहिक आदर्श विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय भी लिया गया है।

सम्मेलन आयोजित करने के पूर्व समस्त राज अध्यक्षों, सर्कल अध्यक्षों को विवाह योग्य युवक-युवतियों की अधिक से अधिक बायोडाटा फॉर्म भरकर एकत्रित करने व फार्म दिया गया है। वह अपने अपने राज्यों और सर्कलों में 15 दिवसों के भीतर बैठक आयोजित कर बायोडाटा फॉर्म संकलित कर केंद्र में सूची सहित पंजीयन कराने के लिए निर्देशित किया गया। इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए समस्त केंद्रीय, समस्त राज्य, समस्त सर्कल पदाधिकारियों और समस्त समाजजनों को अपील किया गया है। सम्मेलन के पश्चात विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा का परिचय माला पुस्तिका प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में सभापति के आसंदी पर केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर विराजमान रही। अध्यक्षता में कौड़िया राजध्यक्ष भूषण सिंह सूर्यवंशी ने किया। जिसमें विभिन्न राज्यों के राज अध्यक्ष एवं सर्कल अध्यक्षों ने अपने-अपने उद्बोधन में सहमति जताते हुए पुरजोर दिए।





### बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में प्रमुख रूप से केंद्रीय संरक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद ठाकुर, कोषाध्यक्ष महासचिव लाभों ठाकुर, पुरन सिंह ठाकुर, महामंत्री रनसाय ठाकुर , संयोजक देवनारायण ठाकुर, सचिव थानसिंह ठाकुर, केंद्रीय अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ ) रामवती ठाकुर राजाध्यक्षगण देवसिंह ठाकुर सूअरमार, यशवंत सोरी खल्लारी, मंगतू राम जगत बार,प्रताप नाग कटगी, दिलहरन मरई कसडोल, रामायण सिंह मरई सोनाखान, सर्कल अध्यक्षगण ओंकार ठाकुर कसेकेरा, मोहर ठाकुर भालूचुवा, अरुण ठाकुर बाघमुड़ा, राजीव ठाकुर कौड़िया, मनुजा ठाकुर पोटापारा, थनवार ठाकुर भुरकोनी, चमारराय ठाकुर सरकडा, महेंद्र सिंह ठाकुर बार, जनकराम नेताम खुड़मुड़ी, सदस्यगण कोमल सोम, कंचन ठाकुर, जन कल्याणकारी क्रियान्वयन समिति सदस्य तूफान दीवान, युवा प्रभाग संतोष ठाकुर, राजू ठाकुर, महिला प्रभाग उपाध्यक्ष पुष्पा नेताम, निगरानी समिति दीपक राम ठाकुर, टिकेश जगत, दीनदयाल जगत, पान सिंह जगत, राज्य उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह कुंजाम, टीकाराम नेताम राम सिंह ठाकुर, रामकुमार ठाकुर, परमेश्वर ठाकुर राज्य सदस्य एवं केंद्र, राज्य और सर्कल के पदाधिकारीगण, मातृशक्ति, समाज की जागरूक महिला तथा युवा वर्ग बड़ी संख्या उपस्थित रहे। बैठक का संचालक गैंद राम ठाकुर सर्कल सचिव भुरकोनी ने किया।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर खेल इवेंट्स का आगाज कर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए शुभाशीष दिया और लोकप्रिय खेल क्रिकेट से खेल इवेंट्स की शुरुआत की।

जिसमें उन्होंने शानदार बल्लेबाज़ी कर विद्यार्थियों को खेल के प्रति जागरूक किया और सद्भावना का संदेश दिया। अध्यक्षता कर रहे डॉ आशीष दास ने कहा कि वार्षिक खेलकूद का आयोजन शारीरिक फिटनेस के साथ साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और आपसी सौहार्द्र /सामंजस्य की भावना को बढ़ावा देने के मकसद से भी महत्वपूर्ण है। महेश नायक ने बताया कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा उजागर होती है, जो उनके कला कौशल का सम्मान करने के लिए एक अवसर देता है। प्रदीप नारायण सेठ ने बताया कि विद्यार्थियों को समान रूप से चार सदनों में वितरित कर टीम तैयार कर मेंटर के मार्गदर्शन में खेलों को खेल भावना से खेलने, अनुभव लेने, आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन अपने आपमें अनूठा है। प्रखर अग्रवाल ने भी संबोधित किया। विद्यालय द्वारा आयोजित सभी खेल विधाओं में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता खिलाड़ियों को अपनी ओर से मैडल प्रदान करने की सहमति दी गई।

# अघरिया समाज केंद्रीय अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में

## वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला, पुरुष, कोषाध्यक्ष, संयोजिका व संयोजक निर्विरोध हुए निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए 22 दिसंबर को रायगढ़ में नाम निर्देशन, फार्म वितरण, जमा परीक्षण, नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिनका चुनाव 12 जनवरी को सभी क्षेत्रों में होगा, जिसके लिए केंद्रीय समिति द्वारा 44 मतदान केंद्र भी बनाया गया है। जबकि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुष, महिला, कोषाध्यक्ष, महिला संयोजिका, युवा संयोजक निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उक्त चुनाव संबंधित निर्वाचन के लिए नामांकन फार्म वितरण से लेकर चुनाव चिन्ह आवंटित करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों में लक्ष्मीकांत पटेल, रेवाशंकर पटेल, ओमसागर पटेल, नरेश्वर सैलानी, हुकुम नारायण पटेल, विजय पटेल उपस्थित थे।

जानकारी अनुसार 22 दिसंबर को अघरिया सदन रायगढ़ में अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुष, महिला, कोषाध्यक्ष, महिला संयोजिका और युवा संयोजक पद के लिए फार्म वितरण, जमा परीक्षण, नाम वापसी के पश्चात चुनाव चिन्ह भी आवंटित किए गए हैं, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिन्हें चुनाव चिन्ह भी आबंटित किया गया है। अध्यक्ष प्रत्याशियों में उषा पटेल (महासमुंद के जिला पंचायत अध्यक्ष) को (उगता सूरज) चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। इसी तरह डॉ. गेसमोती पटेल (पूर्व केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष) को (ताला-चाबी), दीनदयाल पटेल (पूर्व केंद्रीय महासचिव) को (त्रिशूल), लक्ष्मी नारायण चौधरी को (शंख) चुनाव चिन्ह मिला है। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुष पद के लिए गोपाल नायक, हितेश पटेल, जयराम पटेल, प्रमोद पटेल और द्वारका प्रसाद पटेल ने नामांकन जमा किया था। इसमें चार लोगों द्वारा नाम वापसी के पश्चात द्वारका प्रसाद पटेल निर्विरोध वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला के लिए प्रेमशीला नायक कमला पटेल ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें कमला पटेल द्वारा नाम वापसी के पश्चात प्रेमशीला नायक निर्विरोध महिला उपाध्यक्ष चुने गए।

जबकि, कोषाध्यक्ष, महिला संयोजिका व युवा संयोजक के लिए मात्र एक-एक नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया था। और तीनों निर्विरोध चुने गए,जिसमें कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश चौधरी, महिला संयोजिका के लिए तारेश्वरी नायक व युवा संयोजक के लिए विजय विक्की पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।





**खबर संक्षेप**

### छग गोस्वामी समाज का सम्मेलन कल से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा 24 व 25 दिसंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय सामाजिक कार्यशाला एवं पारिवारिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान समय में युवा वर्ग आधुनिकता की अंधी दौड़ में इस कदर फंस चुकी है कि उन्हें अपनी संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाजों की जानकारी ही नहीं है। इसीलिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विषयों जैसे मठ, मढ़ीं, अखाड़े क्या है? कितने है, कहां है और गृहस्थ गोस्वामियों का इनसे क्या संबंध है आदि की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा गोस्वामी समाज के आराध्य देव, विभिन्न परंपराओं के बारे में भी बताया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले लोगों का सम्मान किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी रामेंद्र गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, विजय पुरी, धीरेंद्र गिरि, सुधा गोस्वामी, अर्चना गोस्वामी आदि तैयारियों में जुटे हुए हैं तथा समाज के सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील किए हैं।



### विकास कार्यो का किया गया भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 05 हाथी बुडान के पास नगर के लोगों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस स्टॉप निर्माण कार्य तथा वार्ड नं 07 में नगर कुलदेवी मां शीतला मंदिर परिसर में नगर के माताओं के सुविधा हेतु महतारी घाट निर्माण कार्य एवं वार्ड नं 06 गोविंदा तालाब में भी नगर के माताओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए महतारी घाट निर्माण आदि विभिन्न विकास के के कार्य हेतु सभी जनप्रतिनिधियों नगरवासियों ने पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर भूमिपूजन किया गया और विकास कार्य को प्रारंभ कराया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल नगर के पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव, आचार्य पंडित अरविंद शर्मा, द्रोणाचार्य साहू, बलराम साहू, गेंद यादव, निर्मल निषाद, डोमार पटेल, भुनेश्वर साहू, उतम निर्मलकर, पुष्कर यादव, विनोद गहरवाल, लक्ष्मण पटेल आदि नगरवासी जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### आज धान खरीदी बंद, किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**महासमुंद।** धान खरीदी तेंदूकोना में अभी तक धान उठाव नहीं होने के कारण 23 दिसंबर को जगह के अभाव में धान खरीदी बंद रहेगी। यह जानकारी समिति ने दी। लेकिन, 23 दिसंबर को तेंदूकोना के किसानों की की बारी है। धान बेचने की बहुत सारे किसान बचे हुए है। आज धान खरीदी नहीं होने की स्थिति में किसानों ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। आज सभी किसानों को जिनका टोकन कटा है उन्हें धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंचने का अनुरोध किसान संघ तेंदूकोना किया। है।

**भ्रमण : सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण का कार्यक्रम हुआ**

# किसानों ने ली कटहल, नींबू और चीकू की खेती की जानकारी, नर्सरी भी देखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




सरायपाली स्थित शासकीय संजय निकुंज रोपणी, किसड़ी में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत विगत 16 दिसंबर से सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक हुआ। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक कृषकों ने भाग लेकर विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक पहलुओं पर ज्ञान अर्जित किया।

प्रशिक्षण सत्र में डॉ. ओकेश चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक उद्यानिकी ने प्याज की खेती, फलदार पौधों के प्रवर्धन, और सब्जी नर्सरी प्रबंधन जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही, डॉ. मुकेश सेठ, सहायक प्राध्यापक, कृषि अर्थशास्त्र ने फसल लागत प्रबंधन और लाभ-हानि के आंकलन पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र, भलेसर महासमुंद का भ्रमण कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सतीश कुमार वर्मा ने कटहल, नींबू और चीकू की खेती, अजोला उत्पादन, बटेर पालन, और मुर्गीपालन इकाइयों का अवलोकन करवाया। साथ ही बम्हनी स्थित संजय निकुंज रोपणी में पालक बीज उत्पादन तकनीक पर वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी एसपी ध्रुवंशी ने मार्गदर्शन दिया। अंतिम दिन तेलीबांधा की अम्मा ऑयल पॉम नर्सरी का भ्रमण कराया गया, जहां ऑयल पॉम की खेती से जुड़ी तकनीकी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में सहायक संचालक उद्यान, पायल साव ने कृषकों से फीडबैक प्राप्त किया और प्रमाण-पत्र वितरित किए। आयोजन का संचालन उद्यान अधीक्षक गुरुदत्त यदु और ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी लाभेंद्र सिंह ने किया।

# आवासीय स्वाभिमान की ओर एक नई पहल




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ब्लॉक महासमुंद में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और जनमन आवास योजना के लाभार्थियों तक मुख्यमंत्री का विशेष संदेश 'विष्णु की पाती' के माध्यम से पहुंचाया गया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य हितग्राहियों को योजनाओं की उपलब्धियों और राज्य सरकार की जनहितैषी सोच से अवगत कराना है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में आवास निर्माण में मिली सफलता पर हितग्राहियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'विष्णु की पाती' के माध्यम से उन्होंने सभी नागरिकों के लिए आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित किया।संदेश को सरल, प्रेरक और सहज भाषा में प्रस्तुत किया गया, ताकि यह हर व्यक्ति तक आसानी से पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य के हर नागरिक के उज्ज्वल भविष्य और सम्मानजनक जीवन की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# छात्रों को प्रवेश के लिए किया जागरुक

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शतप्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने के लिए पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको की प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में 7 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया हैं। पोषक शाला संपर्क अभियान तहत तृतीय दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावनकेरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप व अंतिम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनासिल्ली में जानकारी दी गई।

पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के संयोजक महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने अभियान के उद्देश्यों को बताते हुए एनईपी-2020 में डीएससी, जीई, एईसी एवं वैल्यू एडेड कोर्स के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बताया कि वार्षिक पद्धति से होने वाली पढ़ाई व परीक्षा अब सेमेस्टर पद्धति से पढ़ाया जाएगा। सहसंयोजक सहायक प्राध्यापक मनहरण ठाकुर ने महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों, संचालित पाठ्यक्रमों, सुविधाओं को विस्तार से बताया। सहसंयोजक सहायक प्राध्यापक लता भोई ने महाविद्यालय की पाठ्येत्तर गतिविधियों एनएसएस, रेडक्रास, रेडरिबन व खेलकूद के बारे में बताते हुए महाविद्यालयीन पूर्व छात्र/छात्राओं की उपलब्धियों से अवगत कराया। प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान ने उपस्थित कक्षा (11वीं/12वीं) के समस्त विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को उनके कैरियर की संभावनाओं को विस्तारपूर्वक समझाते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के लिये प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावनकेरा के प्राचार्य बीएस ध्रुव, व्याख्याता देवांगन कुमार देवांगन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप की प्राचार्य वीएल सिदार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारा के प्राचार्य डीएन साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनासिल्ली के प्राचार्य विश्राम बघेल, महाविद्यालय के ऋषि वर्मा सहायक ग्रेड-3 व सभी विद्यालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।


# बाबा साहेब अंबेडकर के अनादर पर माफी मांगे भाजपा

## अंबेडकर के विषय में दिए गए बयान की कड़े शब्दों में की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अंबेडकर के विषय में दिए गए बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि बाबा साहब का नाम लेना कोई फैशन नहीं बल्कि संविधान निर्माता के प्रति सच्ची श्रद्धा के साथ समानता, स्वतंत्रता,और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है, आज बाबा साहब का संविधान नही होता तो मनुस्मृति को मानने वाले दबे कुचले दलित वर्ग को जीने नहीं देते। अंकित ने कहा कि ये कांग्रेस पार्टी की ही सोच थी कि एक दलित को संविधान सभा का अध्यक्ष बनाया और नेहरू ने उनके साथ लगातार 2 साल 11 माह 17 दिन इसमें काम किया। अंकित ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार लगातार एससी वर्ग की विरोधी रही पहले छत्तीसगढ़ में उनका आरक्षण कम किया, राजधानी के आदिवासी युवक क़ी हत्या हुई, बलौदाबाजार घटना के नाम पर सैकड़ों एससी वर्ग के लोगों को गिरफ्तार किया, पूरे देश में प्राइवेटाइजेशन कर आरक्षण को खत्म करने में आगे हुए है। जिसका प्रमाण है कि जिस भी प्रदेश में भाजपा की सरकार है, वहां दलित वर्ग व आदिवासी वर्ग पर लगातार अन्याय हो रहा है। अंकित ने कहा कि ये घटनाएं और उच्च सदन की घटना सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अनादर का प्रतीक है। जिसके लिए संपूर्ण भाजपा को माफी मांगनी चाहिए।



### मांग के बाद सड़कों की मरम्मत शुरू

**महासमुंद।** भाजपा और किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर सड़क रिपेयरिंग कार्य की मांग रखी। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र की गांव व शहर के सड़कों का रिपेयरिंग कार्य प्रारंभ करवाने के लिए समस्त क्षेत्र वासियों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का आभार माना।



### 9 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**बसना।** नगर के गायत्री मंदिर में कन्या कौशल शिविर एवं 9 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पांच दिवसीय 22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। जिसमें 15 से 40 वर्ष तक की बहन-बेटियों को जीवन जीने की कला का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे वे अपने घर को स्वर्ग बनाकर गुरुदेव के उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग के अवतरण को साकार करेंगी। आयोजन के पहले दिन माताओं और बहनों द्वारा नगर में रैली का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में माताएं, बहनें शामिल रही।

# आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



संयुक्त संचालक, डॉ. डीएस जगत, उच्च शिक्षा नवा रायपुर द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद का औचक निरीक्षण किया गया। प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के शनिवार को आकस्मिक अवकाश में रहने के कारण प्रतिमा चंद्राकर प्रभारी प्राचार्य की उपस्थिति में संयुक्त संचालक ने महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न विभागों एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा सभी कार्यालयीन दस्तावेजों के साथ-साथ शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही महाविद्यालय में होने वाले समीक्षा बैठक के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण पूर्णकर महाविद्यालय में गुणवत्ता उन्नयन के लिए अनेक सुझाव दिए। जिसमें छात्रवृत्ति प्रभारी से बीपीएल एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की जानकारी ली गई। साथ ही शासन द्वारा प्रदत्त विभिन्न प्रकार के छात्रवृत्तियों का लाभ सभी विद्यार्थियों को मिल सके यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया। एनएसपी पोर्टल पर नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य का बायो ऑथेंटिकेशन पूर्ण पाया गया। जनभागीदारी समिति की बैठक साल में कम से कम दो बार अवश्य आयोजित करने, पोषक विद्यालयों से संपर्क कर प्रवेश संख्या वृद्धि अभियान पर जोर देने कहा गया। महाविद्यालयीन स्टाफ को विद्यार्थियों में अंग्रेजी संप्रेषण कौशल विकसित करने हेतु अंग्रेजी का वातावरण निर्मित करने के लिए निर्देशित किया गया। शिक्षकों को शोध कार्य एवं आलेख तैयार करने पर यथासंभव प्रयास करने कहा गया। स्टाफ के अवकाश पर जाने से पूर्व स्वयं उपस्थित होकर प्राचार्य को विधिवत लिखित सूचना देने का निर्देश दिया। महाविद्यालय में एनईपी लागू होने उपरांत इसके लाभ व चुनौतियों पर चर्चा की गई एवं समस्त प्राध्यापकों से मुखातिब होते हुए उन्हें निर्देश दिए कि शिक्षण संस्थान ही वह स्थान है जहां इंसान तैयार किये जाता है, इसलिए हर शिक्षाविद् की जिम्मेदारी है कि वह छात्रों को नेक इंसान बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि अच्छा इंसान वहीं है, जिससे एक बार मिलने के बाद दुबारा मिलने की इच्छा जागृत हो। छात्रों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देनी चाहिए जिससे वह रोजगार की ओर उन्मुख हो। अच्छी शिक्षा, तनाव को दूर करती है। आज राष्ट्र एवं समाज में ईमानदार व्यक्तियों की आवश्यकता है। छात्रों को हमेशा सत्य बोलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिक्षक को प्रोगेसिव एवं नवीन प्रौद्योगिकी फ्रेंडली बनने हेतु कहा गया। निरीक्षण के समय अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे सहित आत्मानंद कालेज के सहायक प्राध्यापक रवि देवांगन, तरुण बांधे एवं समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ कर्मचारी शेषनारायण साहू व जगतारण बघेल उपस्थित रहे।

# खल्लारी में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी



शासकीय खे.ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा द्वारा खल्लारी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में बा ग ब ह रा महाविद्यालय से पहुंचे प्रोफेसरों ने खल्लारी विद्यालय के छात्र - छात्रों को पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के विषयों पर बताया और बच्चों को शासन के विभिन्न शिक्षा नीति पर बच्चों के हित में जागरुकता के लिए अनेक टिप्स भी दिए। जहां प्रमुख रूप से बच्चों के बीच बागबाहरा महाविद्यालय के कॉलेज प्रो दीपक चंद्राकर व एकता रानी मक्कड़ के द्वारा नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी गई। वहीं इस अवसर पर प्राचार्य सविता चंद्राकर, एलडी चंद्राकर, मनोज साहू, देव साहू, सरोज सिंह मर्सकोले आदि सहित विद्यालय के व्याख्याता व स्टापजन उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बलौदाबाजार भाटापारा जिले में सर्वे कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468
बाहर के अभ्यार्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड बस स्टैण्ड, बलौदाबाजार

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

स्वामी जी 93406-38884
स्पेशल कोच से
15 फरवरी 2025
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411
11 जनवरी से 16 जनवरी 2025, 27 जनवरी से 01 फरवरी 2025, 01 फरवरी से 06 फरवरी 2025, 10 फरवरी से 15 फरवरी 2025, 24 फरवरी से 01 मार्च 2025
शाही स्नान
13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा), 14 जनवरी 2025 (मकर संक्रांति), 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावस्या), 03 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी), 12 फरवरी 2025 (माघ पूर्णिमा), 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि)
नोट :-2/2 बस (50 सीटर)/ रेलवे टिकट, नाश्ता, रात्रि भोजन, रात्रि विश्राम (टेंट), गाइड
केवल प्रयागराज महाकुंभ 2025 सहयोग राशि- 6001/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411